



# गांव में नाले- नालियों की सफाई कराएं रोड पर पड़े मटेरियल को हटवाएं



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मई।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीर सिंह चौहान द्वारा आज ग्राम पंचायत पुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें ग्राम वासियों से पेंशन, गर्भवती महिलाओं की समग्र ई- केवायसी के संबंध में चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी की ई- केवायसी करने के निर्देश सचिव व जनपद पंचायत सीईओ को दिए गए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव की नालियों की सफाई कराने एवं रोड पर जिस किसी का भी

**जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पुर के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया**

मटेरियल पड़ा है उसे तत्काल हटाएं। जब मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पता लगा कि पानी की टंकी का बॉल खराब है इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और पीएचई के संबंधित अधिकारी को तत्काल सुधार कार्य कराने हेतु निर्देशित किए। उन्होंने ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव को लंबित बिजली बिल समय- सीमा में भुगतान करने के निर्देश दिए।

**25 को जल गंगा संवर्द्धन के तहत होगी तालाब की सफाई और गहरीकरण :** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि 25 तारीख तक जल गंगा संवर्धन के तहत कार्यक्रम चलेगा। इसमें सभी ग्राम वासियों के जनसहयोग से ग्राम में स्थित तालाब की साफ सफाई एवं गहरी करण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने आंगनवाड़ी केंद्र एवं आरोग्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

# आशा कार्यकर्ता का कामकाज करते हुए मिला पति

## बीएमओ को दिए गए आशा कार्यकर्ता को नोटिस देने के निर्देश, ग्राम गिजुर्रा में वीएचएसएनडी सत्र का किया संयुक्त निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मई।** ग्राम गिजुर्रा में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का संयुक्त निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. जेएस यादव एवं महिला बाल विकास अधिकारी (डीपीओ) अंजू तोमर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित आशा कार्यकर्ता सत्र स्थल पर अनुपस्थित पाई गई तथा उनके स्थान पर उनके पति द्वारा कार्य किया जाना पाया गया।

आशा कार्यकर्ता सुनीता शर्मा के अनुपस्थित पाए जाने को गंभीर अनियमितता और उसके पति द्वारा कार्य किए जाने को नियम विरुद्ध मानते हुए संबंधित आशा कार्यकर्ता के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु बीएमओ मेहगांव को निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान ड्यू लिस्ट अनुसार बच्चों






एवं गर्भवतीधात्री माताओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित एएनएम एवं ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ सीएचओ को निर्देशित किया गया कि आगामी वीएचएसएनडी सत्रों हेतु एक दिवस पूर्व सभी हितग्राहियों को सूचना देना सुनिश्चित करेंए जिससे शत.प्रतिशत उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

**महिलाओं व बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया :** महिला बाल विकास अधिकारी अंजू तोमर द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका के माध्यम से गांव से महिलाओं एवं बच्चों को बुलवाकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही संबंधित मैदानी कर्मचारियों को भविष्य में सत्र संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। संयुक्त निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हमारी संस्कृति में पानी पिलाना मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम : शर्मा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मई।** भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं ग्रामीणजनों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल सेवा के माध्यम से

**ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नुनहड़ द्वारा जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ**

समाज में मानवता एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेहगांव क्षेत्र में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नुनहड द्वारा ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश




शर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्य मार्ग पर जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा ने विधिवत शीतल पेयजल पात्रों का पूजन कर जल सेवा की शुरुआत की। इस अवसर पर अपने उदबोधन में कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। भारतीय संस्कृति में जल सेवा को परोपकार एवं मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम माना गया है। इसी भावना के साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा यह पहल की गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि लोगों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा समाज में जल सेवा की भावना विकसित करना भी है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गांव के प्रमुख मार्ग सार्वजनिक स्थल पर जल मंदिर प्याऊ प्रारंभ किया गया है। वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी एवं जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण और जल सेवा दोनों ही अत्यंत आवश्यक हैं। एक ओर जहां जल के संरक्षण की आवश्यकता है वहीं दूसरी ओर जरूरतमंद लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना भी सामाजिक जिम्मेदारी है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा प्रारंभ किया गया यह जल मंदिर प्याऊ समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बृजेश सिंह, युवराज सिंह, गौरव सिंह संतोष सिंह मनोज, चरण जीत, राहुल, महेश सहित समिति सदस्यों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

# आदिवासी बसाहटों में जनसुनवाई आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मई।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा के निर्देशन एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सौरभ

**पीएम जनमन एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अभियान**

सिंह राठौर के नेतृत्व में पीएम जनमन एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अभियान अंतर्गत गोहद क्षेत्र की आदिवासी बसाहट ग्राम गुरिखा, रेडी का पुराए, मातादीन का पुरा एवं आशाराम का पुरा में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए एवं हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से बीपीएल कार्ड, बकरी इकाई योजना, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, नामांतरण आदि से संबंधित प्रकरणों पर कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी गुरिखा बृजेश मौर्य, नोडल प्रभारी रेडी का पुरा शिवकुमार भदौरिया, नोडल अधिकारी मातादीन का पुरा अभिनव कुमार उचवाल एवं सुरेश कुमार लोहिया नोडल अधिकारी आसाराम का पुरा उपस्थित रहे। अभियान अंतर्गत आदिवासी समुदाय तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु लगातार जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकेंगे युवा

**भिंड, 22 मई।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय जिला पंचायत भिंड द्वारा वर्ष 2026- 27 में कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। बताया गया है कि युवक- युवतियों को कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, कम्प्यूटर एकाउण्ट विथ टैली, ब्यूटी पार्लर, रेफ्रीजिरेटर एवं एयर कंडीसनर रिपेयरिंग, टू- व्हीलर, थ्री- व्हीलर, फोर- व्हीलर, ट्रेक्टर रिपेयरिंग, फूड प्रोसेसिंग (आचार] मुरब्बा, मसाले इत्यादि, बेकरी, प्लम्बर, राजमिस्त्री, वुड कारपेन्टर, लेदर, फुटवेयर, लेदर गुड्स, दौना पत्तल, इलेक्ट्रीशियन घरेलू उपकरण मरम्मत, मोटर बाईंडिंग, सोलर पैनल इंस्टालेशन व रिपेयरिंग अगरबत्ती निर्माण, बेसिक सिलाई गारमेंटस, फैशन डिजायनिंग वीडियोग्रॉफी, फोटोग्राफी, मोबाईल रिपेयरिंग, कृत्रिम आभूषण निर्माण, बुनकर, मधुमक्खी पालन इत्यादि व्यवसायों में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलवाऐ जाने हेतु ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। प्रशिक्षण के लिए पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 12 जून 2026 तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

## फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य प्रेक्षक नियुक्त

**भिंड, 22 मई।** नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के लिये मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने सेवा निवृत्त संयुक्त कलेक्टर मदन सिंह ठाकुर को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक ठाकुर 22 से 26 मई तक भिंड जिले के भ्रमण पर रहेंगे। श्री ठाकुर स्थानीय वीआईपी सर्किट हाउस कक्ष क्रमांक 2 में निवासरत है। कोई भी संबंधित व्यक्ति सुबह 8.30 से 9.30 तक उनसे संपर्क कर सकता है।

# ग्रामीणों को नशामुक्ति और साइबर फ्रॉड से बचाव का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मई।** जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन में आज ऊमरी थाना क्षेत्र में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक जागरूकता और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराना रहा। थाना प्रभारी बृजेंद्र सेंगर द्वारा आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणजन द्वारा न केवल रुचि प्रदर्शित की गई बल्कि नशाखोरी से दूर रहने और



साइबर फ्रॉड से बचकर रहने का आश्वासन दिया गया।

जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों बताया गया कि नशे के कारण जहां एक ओर समाज में छबि धूमिल होती है वहीं दूसरी ओर परिवार के संचालन की व्यवस्थाएं गड़बड़ा जाती हैं। इसलिए नशाखोरी से दूर रहने में ही भलाई है। इसके साथ ही साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए। उपस्थित लोगों को समझाया गया कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच, जिला पंचायत सदस्य सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। जन चौपाल के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच संवाद स्थापित कर जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

# आदिवासी बस्तियों में जनसुनवाई, मौके पर हुआ निराकरण

## गोहद के गुरीखा, रडीपुरा का पुरा सहित 4 गांवों में शिविर आयोजित, बीपीएल-वृद्धा पेंशन-नामांतरण के प्रकरण निपटाए गए





**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 22 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर जिले में चल रहे पीएम जनमन एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अभियानट्ठ के तहत गुरुवार को गोहद क्षेत्र की आदिवासी बसाहटों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सौरभ सिंह राठौर



के नेतृत्व में ग्राम ट्ठगुरीखा, रडी का पुरा, मातादीन का पुरा एवं आसाराम का पूराट्ठ में शिविर लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निराकरण की कार्रवाई की गई। शिविर में शासकीय योजनाओं से जुड़े आवेदन लिए गए और हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। जनसुनवाई में मुख्य रूप से ट्ठबीपीएल कार्ड, बकरी इकाई योजना, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि और नामांतरणट्ठ से जुड़े प्रकरणों पर अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही की ।इसअवसर पर नोडल अधिकारी गुरीखा बृजेश मौर्य, नोडल प्रभारी रडी का पुरा शिवकुमार भदौरिया, नोडल अधिकारी मातादीन का पुरा अभिनव कुमार उचवाल व सुरेश कुमार लोहिया, नोडल अधिकारी आसाराम का पुरा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला संयोजक ने बताया कि ट्ठजनजातीय गरिमा उत्सव 2026ट्ठ के अंतर्गत च्चसबसे दूर, सबसे पहलेज्ज की भावना से आदिवासी समुदाय तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।





# कृष्ण-रुक्मणि विवाह : प्रेम, धर्म और साहस की अमर गाथा : आचार्य कटारे

**नवभारत न्यूज**
**गोरमी, 22 मई।** क्षेत्र के मानहड़ गांव के श्री रामजानकी मंदिर पर

**मानहड़ गांव के बड़ी जग्गा मंदिर पर चल रही श्रीमदभागवत कथा**

चल रही भागवत कथा में कृष्ण रुक्मणि विबाह का वर्णन करते हुए कहा की रुक्मणि और श्रीकृष्ण का विवाह सिर्फ एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय और इच्छाशक्ति की जीत का प्रतीक है। यह विवाह द्वापर युग का वो प्रसंग है 0जहाँ एक राजकुमारी ने सामाजिक बंधनों को तोड़कर स्वयं अपना वर चुना। उन्होंने कहा की रुक्मणि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मणि, माता लक्ष्मी का अवतार मानी जाती हैं। रूप, गुण और बुद्धि में अद्वितीय रुक्मणि बचपन से ही श्रीकृष्ण की वीरता और लीलाओं की कहानियाँ सुनकर मन ही मन उन्हें अपना पति मान चुकी थीं। भगवान कृष्ण ने उनकी इच्छा को जानकर उनका बरन किया,

आज की इस कथा के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री ओपीएस भदोरिया, भिंड जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष कामना /सुनील सिंह कथा श्रवण करने पहुंचे, यहां पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थित का पूजन किया और पंडाल में बैठकर कथा सुनी, आज की इस पावन कथा का आनंद कथा परीक्षित मीना देवी /रामप्रताप सिंह भदौरिया, मनोज सिंह भदोरिया शक्ति सिंह भदोरिया, सिंह भदोरिया मद्धू सिंह भदोरिया राम बिहारी सिंह भदौरिया, वेदराम सिंह भदोरिया संजू दादा, केशव सिंह भदौरिया हरि गोविंद सिंह भदोरिया जहां सिंह भदौरिया राजपाल सिंह भदोरिया आनंद कुमार सिंह भदौरिया के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया।

# सूर्या रोशनी लिमिटेड ने लहराया परचम




**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 22 मई।** घरेलू और औद्योगिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सूर्या रोशनी लिमिटेड ने वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक

**जीते दो पुरस्कार**

जमाते हुए दो बड़े प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए हैं। मुंबई आयोजित एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय समिट के दौरान कंपनी को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार



कंपनी द्वारा कार्यस्थल पर वैश्विक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सफलता के साथ ही कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी श्रेष्ठता साबित की है। दिल्ली के में आयोजित कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के विशेष समारोह में कंपनी को प्रतिष्ठित नेशनल ई. एच. एस. एक्सीलेंस अवार्ड* से नवाजा गया। पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (श्व।।स्) के क्षेत्र में मिले इन दोनों शीर्ष सम्मानों ने कॉर्पोरेट जगत में सूर्या रोशनी लिमिटेड की मजबूत प्रतिबद्धता और नेतृत्व को एक बार फिर साबित कर दिया है।

# श्री सुंदर नाथ धाम झाँकरी में श्रीमद् भागवत का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 22 मई।** गोहद ग्राम झाँकरी स्थित पावन धरा श्री सुंदर नाथ धाम में आयोजित हो रहे भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह में भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा

**पंचम दिवस पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

के पंचम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा स्थल पर उपस्थित होकर भगवान की दिव्य लीलाओं का रसपान कर रहे हैं। वातावरण 'जय श्री कृष्ण', 'राधे-राधे' और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों से भक्तिमय बना हुआ है।

इस पावन आयोजन में परम पूज्य श्री महावीर प्रसाद कटारे जी



अपने श्रीमुख से भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान करा रहे हैं। वहीं कार्यक्रम में परम पूज्यनीय कमल दास जी महाराज, टीकरी धाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मानव सेवा का संदेश दे रहे हैं। कथा के पंचम दिवस पर भगवान श्रीराम के विवाह प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा गोवर्धन पूजा जैसे प्रेरणादायक प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचन के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। कथावाचक द्वारा बताया गया कि भगवान की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने का माध्यम हैं।आयोजन समिति के अनुसार यह दिव्य कथा महोत्सव 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कथा स्थल को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया है। प्रतिदिन सुबह से लेकर रात्रि तक भजन, कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम जारी है। समिति द्वारा क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कथा में पधारकर भगवान की दिव्य लीलाओं का श्रवण करें तथा अपने जीवन को धर्म और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करें।

## आम सूचना

आवेदिका श्रीमती मालती देवी पत्नी अशोक सिंह यादव बनाम सर्व साधारण निवासी वार्ड क0 31 बाजू मोहल्ला तहसील व जिला भिण्ड बनाम शासन अभिलेख दुरूस्ती का प्रकरण क्रमांक 0803/अ-6(अ)/2025-26 इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें मौजा भिण्ड के भूमि सर्वे नंबर 1625/11/2 के वर्तमान खसरा में अंकित भूमिस्वामी डम्बल सिंह पुत्र समोखनलाल जाति बघेल पता भिण्ड मध्यप्रदेश एवं अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो इस न्यायालय में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। समय-सीमा उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।